मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 11

अनुक्रमाँक..............................

नाम..................................................

102 302(FN)

2025

सामान्य हिन्दी

समय : तीन घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 100

निर्देशः (i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड हैं। दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।

खण्ड- क

1. (क) 'भारत की मौलिक एकता' निबन्ध संग्रह के लेखक हैं- 1

(i) रामधारीसिंह 'दिनकर' (ii) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

(iii) वासुदेवशरण अग्रवाल (iv) मोहन राकेश

(ख) धर्मवीर भारती द्वारा लिखित उपन्यास है- 1

(i) परन्तु (ii) सूरज का सातवाँ घोड़ा

(iii)मुक्तिबोध (iv) नदी के द्वीप

(ग) सौ अजान एक सुजान' के लेखक हैं- 1

(i) प्रतापनारायण मिश्र (ii) बालकृष्ण भट्ट

(iii) राधाकृष्ण दास (iv) श्रीनिवास दास

(घ) 'चन्द्रगुप्त' नाटक के लेखक हैं- 1

(i) रामकुमार वर्मा (ii) लक्ष्मीनारायण मिश्र

(iii) जयशंकर प्रसाद (iv) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(ङ) 'बंगाल के अकाल' की रचना से विधा का प्रारम्भ माना जाता है- 1

(i) संस्मरण विधा का (ii) रिपोर्ताज विधा का

(iii)डायरी विधा का (iv) यात्रा वृत्तान्त का

modelpaper.info

2. (क) किस कवि को राष्ट्रकवि का सम्मान प्राप्त हुआ है- 1

या निम्नलिखित कवियों में से'राष्ट्रकवि' की उपाधि से विभूषित किया गया है-

(i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ii) सूर्यकान्त त्रिपाठी'निराला'

(iii) मैथिलीशरण गुप्त (iv)'अज्ञेय'।

(ख) 'संसद सड़क तक' रचना है - 1

(i) मुक्तिबोध की (ii) धूमिल की

(iii) नागार्जुन की (iv) अज्ञेय की

(ग) 'कबीर वाणी के डिक्टेटर हैं' यह कथन है- 1

(i) रामचन्द्र शुक्ल को (ii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का

(iii) आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी का (iv) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी का

(घ) भारतेन्दु युग का समय है- 1

(i) जागरण सुधारकाल (ii) पुनर्जागरणकाल

(iii) छायावादकाल (iv) छायावादोत्तरकाल।

(ङ) द्विवेदी युग की रचना नहीं है- 1

(i) प्रिय प्रवास (ii) वैदेही वनवास

(iii)यशोधरा (iv) पल्लव।

3. दिए गए गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 5×2=10

निन्दा कुछ लोगों की पूँजी होती है। बड़ा लम्बा-चौड़ा व्यापार फैलाते हैं वे इस पूँजी से। कई लोगों की प्रतिष्ठा ही दूसरों की कलंक कथाओं के पारायण पर आधारित होती है। बड़े रस-विभोर होकर वे जिस-तिस की सत्य-कल्पित कलंक कथा सुनाते हैं और स्वयं को पूर्ण संत समझने-समझाने की तुष्टि का अनुभव करते हैं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश के लेखक और पाठ का नाम लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) निन्दा किसकी पूँजी होती है?

(iv) 'सत्य-कल्पित, कलंक कथा' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(v) कुछ लोगों की प्रतिष्ठा का आधार क्या होता है?

यह अनुभव कितना चमत्कारी है कि यहाँ जो जितनी अधिक बूढ़ी है वह उतनी ही उत्फुल्ल, मुस्कानमयी है। यह किस दीपक की जोत है? जागरूक जीवन की! लक्ष्यदर्शी जीवन की! सेवा-निरत जीवन की! अपने विश्वासों के साथ एकाग्र जीवन की। भाषा के भेद रहे हैं, रहेंगे भी, पर यह जोत विष्व की सर्वोत्तम जोत है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) गद्यांश का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(iv) कौन-सी ज्योति विश्व की सर्वोत्तम ज्योति है?

(v) लेखक ने किसके मुस्कानमय जीवन का चित्रण किया है?

4. दिए गए पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 5×2=10

निरख सखी ये खंजन आये,
फेरे उन मेरे रंजन ने नयन इधर मन भाये।
फैला उनके तन का आतप, मन में सर सरसाये,
घूमे वे इस ओर वहाँ, ये हंस यहाँ उड़ छाये।
करके ध्यान आज इस जन का निश्चय ये मुसकाये,
फूल उठे हैं कमल, अधर-से यह बंधूक सुहाये।
स्वागत, स्वागत, शरद, भाग्य से मैंने दर्शन पाये,
नभ ने मोती वारे, लो, ये अश्रु अर्घ्य भर लाये।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) सखी को खंजन पक्षी दिखाने से क्या तात्पर्य है?

(iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iv) कवि ने पद्यांश में किस ऋतु का वर्णन किया है?

(v) 'नयन' और 'कमल' शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

अथवा

सावधान मनुष्य! यदि विज्ञान है तलवार



modelpaper.info

तो इसे दे फेंक तजकर मोह स्मृति के पार।
हो चुका है सिद्ध है तू शिशु अभी नादान
फूल काँटों की तुझे कुछ भी नहीं पहचान।
खेल सकता तू नहीं ले हाथ में तलवार
काट लेगा अंग तीखी है बड़ी यह धार।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) कवि ने वैज्ञानिक युग के मानव को क्या चेतावनी दी है?

(iv) पद्य में फूल और काँटों से क्या तात्पर्य है?

(v) कवि ने 'विज्ञान-तलवार' के प्रयोग करने से क्यों मना किया है?

5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए: (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 5

(i) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

(ii) हरिशंकर परसाई

(iii) प्रो0 जी0 सुन्दर रेड्डी

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए: (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 5

(i) महादेवी वर्मा

(ii) मैथिलीशरण गुप्त

(ii) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'।

6. 'लाटी' अथवा 'ध्रुवयात्रा' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 5

अथवा 'पंचलाइट' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द)

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक खण्ड के एक प्रश्न का उत्तर दें।

(अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 5



modelpaper.info

(i) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

अथवा 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के आधार पर दशरथ का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ii) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के आधार पर का चरित्र चित्रण कीजिए।

अथवा 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(iii) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य की कथा संक्षेप में लिखिए।

अथवा 'त्यागपथी' खण्डकाव्य के आधार पर 'हर्षवर्द्धन' का चरित्र चित्रण कीजिए।

(iv) 'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य का नायक कौन है? उसका चरित्र चित्रण कीजिए।

अथवा 'आलोकवृत्त' के कथानक पर प्रकाश डालिए।

(v) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य के आधार पर 'द्रौपदी' का चरित्र चित्रण कीजिए।

अथवा 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य की कथावस्तु लिखिए।

(vi) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य के आधार पर 'गाँधीजी' का चरित्र चित्रण कीजिए।

अथवा 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य की कथा संक्षेप में लिखिए।

(खण्ड-ख)

8. (क) दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिये: 2+5=7

महापुरुषाः लौकिक प्रलोभनेषु बद्धाः नियतलक्ष्यान कदापि भ्रश्यन्ति। देशसेवानुरक्तोऽयं युवा उच्चन्यायालयस्य परिधौ स्थातुं नाशक्नोत्। पण्डित मोतीलाल नेहरू-लालालाजपत राय प्रभृतिभिः अन्ये राष्ट्रनायकैः सह सोऽपि देशस्य स्वतन्त्रतासंग्रामेऽवतीर्णः। देहल्यां ज्योविंशति तमे कांग्रेसस्याधिवेशनेऽयम् अध्यक्षपदमलङ्कृतवान्।

(ख) मैत्रेयी उवाच-यदीयं सर्वा पृथिवी वित्तेन पूर्णा स्यात्, तत् किं तेनाहममृता स्यामिति। याज्ञवल्क्य उवाच-नेति। यथैवोपकरणवतां जीवनं तथैव ते जीवनं स्यात्। अमृतत्त्वस्य तु नाशास्ति वित्तेन इति। सा मैत्रेयी उवाच-प्रिया नः सती त्वं प्रियं भाषसे।

(ख) दिये गये श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए: 2+5=7

विद्या विवादाय धनं मदाय शक्तिः परेषां परिपीडनाय।
खलस्य साधोः विपरीतमेतज्ज्ञानाय दानाय च रक्षणाय।।

अथवा

जयन्ति ते महाभागा जन-सेवा-परायणाः।
जरामृत्युभयं नास्ति येषां कीर्तितनोः कचित्।।

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर बाक्य में प्रयोग कीजिए: 1+1=2

(i) आँखों में खून उत्तर आना

(ii) अपनी-अपनी ढफली अपना-अपना राग

(iii) ईंट से ईंट बजाना

(iv) आगे नाथ न पाछे पगहा।

10. अपठित गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

यह सत्य है कि उम्र के अन्तिम पड़ाव पर वरिष्ठ नागरिकों की अपनी अनेक शारीरिक व्याधियाँ सिर उठा लेती हैं, परन्तु यह उनकी वास्तविक समस्या नहीं है। उनकी वास्तविक समस्या मानसिक है। यह मान लिया जाता है कि अब व्यक्ति शारीरिक और मानलिक श्रन के योग्य नहीं रहा, चाहे वह स्वस्थ ही क्यों न हो। जैसे ही व्यक्ति की आर्थिक उपयोगिता में कमी आती है, वह सामाजिक रूप से भी अनुपयोगी मान लिया जाता है। वह समाज एवं परिवार की नज़रों में 'बोझ', 'अनुपयोगी' तथा 'फालतू' मानने से उसे मानसिक पीड़ा होती है।

(i) वरिष्ठ नागरिकों की बास्तविक समस्या क्या है ? 2

(ii) वरिष्ठ नागरिक को सामाजिक रूप से अनुपयोगी क्यों मान लिया जाता है? 2

(iii)वरिष्ठ नागरिक को क्या-क्या मानने से मानसिक पीड़ा होती है? 1

11. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए:

(i) मनोज-मनोज्ञ : 1

(अ) मन का ओज-मन का ज्ञान

(स) कामदेव-सुन्दर

(ब) मनुष्य का जन्म-मन की सुन्दरता

(द) मन के अनुसार-मन की बात जाननेवाला

(ii) शूर-सुर - 1

(अ) अन्धा-स्वर

(ब) वीर-देवता

(द) विद्वान्-देवता

(स) सोया हुआ-संगीत

(ख) निम्नलिखत शब्दों में से किसी एक शब्द के दो सही अर्थ लिखिए: 1+1=2

(i) नाक (ii) वारिद (iii) पयोधर (iv) अर्क।

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक सही शब्द का चयन करके लिखिए: 2



modelpaper.info

(i) जिसके समान कोई दूसरा न हो

(अ) अद्वितीय (ब) अनुकरणीय

(स) अकिंचन (द) अगण्य

(ii)जो सब कुछ जानता हो

(अ) विज्ञ (ब) अज्ञ

(स) साक्षर (द) सर्वज्ञ

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए: 2

(i) आज मेरा बड़ा भाई आ गया। (ii) राधा ने पत्र पढ़ी।

(iii) मेरे को फल ले आओ। (iv) उपरोक्त कथन सही है।

12. (क) 'श्रृंगार' रस अथवा 'शान्त' रस का लक्षण और एक उदाहरण लिखिए। 2

(ख) 'अनुप्रास' अलङ्कार अथवा 'रूपक' अलङ्कार का लक्षण और एक उदाहरण लिखिए। 2

(ग) 'चौपाई' अथवा 'दोहा' छन्द का लक्षण एवं एक उदाहरण लिखिए। 2

13. 'छात्रावास की जीवन-शैली' विषय पर अपने मित्र को एक पत्र लिखिए। 6

अथवा

विद्यालय में खेल-कूद की सामग्री की ओर ध्यान दिलाते हुए प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए: 9

(क) भारत में कृषि क्रान्ति

(ख) भारतीय लोकतन्त्र का भविष्य

(ग) विज्ञान वरदान या अभिशाप

(घ) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व

(ङ) मेरा प्रिय कवि/लेखक

******

modelpaper.info